## एक नजर में




### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**उज्जैन।** भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने पर मजदूर संघ ने पानी की रिमझिम बूंदों के बीच ऐतिहासिक स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर नगर निगम उज्जैन से शहर के अनेक मार्गो से होते हुए भव्य रूप में टावर चौक पर पहुंचे। टावर चौक पर भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।जिला मीडिया प्रभारी गुलशन मंसूरी ने बताया कि टावर चौक पर बड़ी एलइडी टीवी लगाई गई एवं कार्यकर्ता और जनता को सीधा प्रसारण दिल्ली से दिखाया गया, संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दिल्ली से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। अनुषंगिक कर्मचारी संगठन ने बड़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। ई रिक्शा यूनियन ने ई रिक्शा की एक बड़ी श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री बालमुकुंद पाटीदार ने कार्यक्रम के अध्यक्षता की और कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश और मानव के विकास के लिए हर क्षेत्र में कार्य करता है।इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के उज्जैन आगर विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, जिला अध्यक्ष मनीष कारपेंटर, जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद शिंदे, वरिष्ठ नेता शिवचरण शर्मा, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष तूफान शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष संतोष सक्सेना, ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष अब्दुल हफीज खान, आंगनवाड़ी संघ से उम्मीद तोमर, रजनी सिसोदिया, राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष ओम यादव, मांगीलाल पाटीदार, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक मालवीय, ई-रिक्शा यूनियन के जिला अध्यक्ष बल्लू ठाकुर, नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष संदीप कलोसिया, पेंशनर अध्यक्ष अजय कुमार मेहता, नगर निगम कर्मचारी संघ अध्यक्ष नितिन मूसले, वेयरहाउस से बरखा कटारिया, बिजली विभाग से अलीम पठान, शारिक शेख, ई रिक्शा यूनियन से तेज सिंह पंवार, गणेश ठाकुर, शंकर परमार, शुभम परमार, राजेंद्र मकवाना, प्रकाश त्रिवेदी, आनन्द माली, राजेंद्र राठौर, जफर खान, अहमद खान, सुरेश गहलोत, वीरेंद्र सिंह, राजा ठाकुर, अर्जुन राठौर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### तिलक की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर सभागृह में महाराष्ट्र समाज द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 169वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। समाजजनों ने उनके कार्यों और विचारों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाज प्रवक्ता संजय दिवटे के अनुसार वरिष्ठ सदस्य विजय घाटपांडे, अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव सुशील मुले, सहसचिव रविंद्र वि. मुले, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कार्लेकर, प्रदीप जोग, राजश्री जोशी, राजेंद्र जोशी, चंद्रशेखर केलकर, दीपक भागवत, तुषार मजुमदार, आलोक मोढ़े, ठाकरेजी आदि उपस्थित रहे और तिलक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन समाज सचिव सुशील मुले ने किया एवं आभार प्रदर्शन रविंद्र वि. मुले द्वारा किया गया।



### जगन्नाथ पुरी में होगी भागवत कथा

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल ओर महिला मंडल की नवीन सत्र की प्रथम वार्षिक साधारण सभा का आयोजन मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में किया गया। वार्षिक साधारण सभा में सदस्यों के लिए महिला मंडल की नूपुर नीमा, मनीषा नागर, वर्तिका नागर, अदिति नीमा, ऋचा नीमा, हेतल शाह, शुभांगी नीमा द्वारा खेलकूद व कपल गेम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। स्वागत उद्बोधन संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शाह द्वारा किया गया। संस्था के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर द्वारा दो वर्ष में मंडल द्वारा किये गए कार्यों को सदन में रखा ओर आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 23-24, 24-25 का आर्थिक लेखा जोखा युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष विशाल नीमा द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि जगन्नाथ पुरी में मंडल द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के नवीन सदस्यों का सम्मान किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। आभार संस्था के अध्यक्ष आनंद पुरोहित द्वारा किया गया। सभा में आगामी रास गरबा 2025 व भागवत कथा का भव्य आयोजन एवं दिसंबर माह में रक्तदान शिविर का आयोजन पर सहमति प्राप्त हुई। कार्यक्रम संयोजक पवन त्रिपाठी, अमित घारीया, अंतेश नीमा, विपुल नागर, दीपा नागर, ज्योति नागर, कविता नीमा, सुरभि जवेरी थे। इस अवसर पर संस्था के श्याम माहेश्वरी, सुदेश नीमा, जयेश श्रॉफ, अमित नागर, अमर दिसावल, नितिन नीमा, मनीष नागर, रमेश चतुर्वेदी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### उज्जैन जिले में औसत 26 .2 मि .मी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 26 .2 मिली वर्षा दर्ज की गई है ।इसमे तहसील उज्जैन में 8 .0 , घट्टिया में 42 .0 मि .मी, खाचरौद में 3 .0 मि .मी, बड़नगर में 2 .0 मि .मी, महिदपुर में 6 .0 मि .मी, झाड़ा में 122 .0 मि .मी, तराना में 47 .0 मि .मी, माकड़ौन में 6 .0 वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 248 .0 वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून 2025 से आज दिनांक तक तहसील उज्जैन में 294 मि .मी, घट्टिया में 175 .5 मि .मी, खाचरोद में 315 मि .मी, नागदा में 289 .2 मि .मी, बड़नगर में 253 मिमी, महिदपुर में 215 मि .मी, झारडा में 337 .4 मि .मी, तराना में 278 .5 मि .मी, माकड़ोन में 75 .0 वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 248 .0 वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक तक तहसील उज्जैन में 250 , घट्टिया में 250 मि .मी, खाचरौद में 184 मि .मी, नागदा में 368 .2 मि .मी, बड़नगर में 288 मि .मी, महिदपुर में 224 मि .मी, झारडा में 272 .2 मि .मी, तराना में 306 .9 मि .मी, माकड़ोन में 378 .0 वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष जिले में इस अवधि में 280 .1 मिली वर्षा दर्ज की गई थी।

### जिला पेंशनर्स फोरम समिति की समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** डिप्टी कलेक्टर रंजना पाटीदार की अध्यक्षता में बुधवार को पेंशनर फोरम समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में किया गया। बैठक में पेंशनर्स से सम्बंधित मुद्दे जैसे काल्पनिक वेतन वृद्धि, चतुर्थ समयमान, शिक्षा विभाग के ग्रीष्मकालीन अवकाश, अवकाश नगदीकरण, सम्मान समारोह आदि विषय पर चर्चा की गई। बैठक में शमशेर सिंह तोमर, कोमल भूतडा, अशोक दुबे एवं चन्द्रशेखर दुबे, हरिहर शर्मा, विमल जैन, आरसी शर्मा, प्रतिभा टैगोर एवं रवि कलसानिया, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री बलराम बैरागी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# मस्जिद से सटी 11 दुकानें जमींदोज, समय कम-काम ज्यादा ,मुहिम चलानी पड़ेगी रोज

## तीव्र गति से जारी है कोयला फाटक, गोपाल मंदिर चौड़ीकरण, निजातपुरा से अतिक्रमण हटाया, एक दर्जन से ज्यादा मार्ग करने हैं चौड़े










**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशाअनुसार इस बार का सिंहस्थ सबसे बेहतर किए जाने की तैयारी जिस प्रकार से की जा रही थी उसमें अब तेजी आ गई है। कलेक्टर रोशन कुमार के निर्देश पर निर्माण एजेंसीयों ने मैदान संभाल लिया है। बुधवार को बड़ी कार्रवाई अवैध निर्माण अतिक्रमण की करते हुए मस्जिदों से सटी 11 दुकानों को जमींदोज कर दिया गया।

महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकुंभ 2028 की तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गई है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के नेतृत्व में निर्माण एजेंसियां तत्परता से विकास कार्यों को गंभीरता से अनजान दे रही है।

सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात हेतु शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है जिसके क्रम में कोयला फाटक से गोपाल मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य तीर्व गति से जारी है। जिसके प्रथम चरण में 570 मीटर तक मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई प्रचलित है। भवन अधिकारी राजेश वास्कले द्वारा बताया गया कि चौड़ीकरण कार्रवाई अन्तर्गत कोयला फाटक से मेट्रो टाकिज गली तक 570 मीटर के मार्ग को प्रथम चरण में चौड़ा किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नागरिकों द्वारा हटाए गए भवन के मलबे को तत्काल हटाए जाने के साथ ही कोयला फाटक से निजातपुरा तक नाली निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। सिंहस्थ में कम समय बचा है। ऐसे में ज्यादा काम करने की दरकार है या यूं कहा जाए कि प्रतिदिन अवैध निर्माण अतिक्रमण हटाने की मुहिम यदि शुरू की जाती है तो आखरी में इसका फायदा सबसे ज्यादा मिलेगा। निर्माण एजेंसियों को काम करने में सहूलियत होगी, साइट क्लियर करने से बड़े प्रोजेक्ट जल्द पूरे हो सकते हैं।

### नगर निगम पर ज्यादा जिम्मेदारी

कलेक्टर सिंह के निर्देश पर निगम आयुक्त आशीष पाठक, महापौर से लेकर पार्षदों तक से तालमेल बिठाकर उन कार्यों को अमलीजामा पहनाने में जुटे हैं। लगभग दर्जन भर ऐसे मार्ग है जो चौड़े किया जाना है। उसी के अंतर्गत कोयला फाटक निजातपुरा तेलीवाड़ा कंठाल के कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा से लेकर यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने शहर विस्तारीकरण, चौड़ी करण, सौंदर्यीकरण के तहत मुहिम तेज कर दी है। यूडीए भी अपनी अहम भूमिका इस बार निभा रहा है। यूडीए बेगम बाग के मकानों को भी जल्द तोड़ेगा, उधर लैंड पूलिंग की योजना भी प्रचलित है। एसपी प्रदीप शर्मा कानून व्यवस्था अपराधियों की धरपकड़ के अलावा निर्माण एजेंसियों को भी सुरक्षा मुहैया करवा रहे हैं ताकि शहर विकास में गति आए।

### स्वयं के हाथों से तोड़े आशियाने

ऐसा बहुत कम देखने में आता है की चौड़ीकरण-विस्तारीकरण के तहत लोग अपने ही हाथों से अपना आशियाना तोड़े, यह बड़ी बात है कि महाकाल की नगरी में सिंहस्थ के लिए जनता सपोर्ट कर रही है और चौड़ीकरण के पक्ष में है। शहर में मार्ग चौड़ीकरण कार्रवाई के अन्तर्गत रहवासियों द्वारा निगम को पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए अपने भवनों के चिंहित भाग को स्वयं हटाया गया। मार्ग के निजातपुरा क्षेत्र में मस्जिद से लगी 11 दुकानों को बुधवार को जमीदोंज कर दिया। इस दौरान मौके पर नगर निगम के भवन अधिकारी राजेश वास्कले, सहायक यंत्री डीएस परिहार, उपयंत्री नरेश जैन एवं निगम अमले द्वारा मस्जिद समिति की सहमति से हटाए जाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस प्रशासन के सहयोग से की गई। इस दौरान पुलिस अमला भी मौजूद रहा।

### सीएम ने उज्जैन को प्रथम आने पर दी बधाई

3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में उज्जैन प्रथम आया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में उज्जैन को सम्मानित किया, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक से लेकर नगर निगम सभापति कलावती यादव और राज्य मंत्री प्रतिभा बागड़ी उपस्थिति रही। राष्ट्रपति ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं महाकाल की नगरी आई थी और वहां पर स्वच्छता अभियान में भी शामिल हुई। हाथों से साफ सफाई की है। यह बात सुनकर उज्जैन और भी गौरवान्वित हुआ। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, नगर निगम सभापति कलावती यादव से भोपाल में आत्मिक भेंट की और उज्जैन को प्रथम आने पर बधाई दी, महापौर व आयुक्त ने मुख्यमंत्री का सम्मान भी किया।

## वृद्ध को स्कूल की बस ने मार दी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

**उज्जैन। भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ी और जेरीखेड़ा के बीच पैदल घूमकर घर लौट रहे वृद्ध को स्कूल बस ने टक्कर मार दी। उन्हें गंभीर हालत में परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।**

पिपलिया हामा के पास ग्राम देरीखेड़ी में रहने वाले 60 वर्षीय मृतक का नाम मदनलाल पिता नागूजी नायक है। परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम ठंडा होने के कारण घर से पैदल घूमने के लिए निकले थे। घूमकर लौटते वक्त बांसखेड़ी और जेरीखेड़ा के बीच स्कूल बस क्रमांक एमपी 13 पी 1279 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मदनलाल को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल के आसपास काम कर रहे लोगों ने घायल के परिजनों को सूचना दी जिसके बाद तत्काल उसे लेकर परिजन चरक अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम को उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

इधर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि जिस बस की टक्कर से वृद्ध की मौत हुई। उसकी पहचान कर ली गई है। वह उन्हेल के बीआर मेहता स्कूल की बस है। जल्द ही उसे जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

### आबकारी विभाग चला जा रहा विशेष अभियान, शराब की जब्त



उज्जैन । बुधवार को प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के द्वारा मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दबिश कर वृत्त तराना ब में ग्राम अनखली थाना माकड़ोन में सीताराम गुर्जर पिता नारायण गुर्जर के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान एक बीयर की पेटी, जिसमें 24 कैन बीयर प्रत्येक की धारिता 500 एमएल एवं दो बोरियों मे 275 देशी मदिरा प्लेन के पाव प्रत्येक पाव की धारिता 180 एमएल मदिरा की कुल मात्रा 61 .5 बल्क लीटर जब्त की गई। आरोपी सीताराम गुर्जर के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई वृत्त तराना ब प्रभारी हिमांशु अग्रवाल ने नवीन विधान अनुसार वीडियो बनाकर विधिवत की। इस के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेंद्र शर्मा, संजय जैन, आबकारी उपनिरीक्षक प्रतीक गुप्ता, मयंक राठौर, आबकारी आरक्षक सरारा खान, रोहित लोहारिया, विद्या सोलंकी, पायल चौहान, निशा, आरती देवडा, सुनील, तुषार की सराहनीय भूमिका रही।

### तेज बाइक चलाने की बात पर विवाद

उज्जैन। तेज रफ्तार बाइक चलाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना में घायल युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नानाखेड़ा पुलिस के अनुसार, मेहरबान पिता मोतीलाल उम्र 27 वर्ष निवासी करोहन विगत सुबह अपने खेत पर चारा लेने के लिए निकला था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला रमेश तेज गति से बाइक चलाते हुए निकला। मेहरबान ने रमेश से कहा कि वह बाइक धीरे चलाए, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि रमेश की पत्नी सामुबाई और बेटा दिलीप मौके पर आ गए और उन्होंने धारदार हथियार से मेहरबान पर हमला कर दिया। हमले में मेहरबान गंभीर रूप से घायल हो गया। झगड़े की आवाज सुनकर उसका छोटा भाई भारत मौके पर पहुंचा और तुरंत मेहरबान को जिला अस्पताल ले गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नरवर के समीप वृद्ध की हत्या

**उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र में वृद्ध की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वह उज्जैन से अपने घर देवराखेड़ी लौट रहे थे। नरवर बायपास स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात हमलावर ने सिर और चेहरे को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। मामले में नरवर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम श्रवण पिता जगन्नाथ चौधरी निवासी देवराखेड़ी है। जिनकी उम्र करीब 60 साल है। वह किसी काम से उज्जैन गए थे और मंगलवार को वापस अपने घर लौट रहे थे लेकिन घर नहीं पहुंचे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि नरवर बायपास पर बायो पेट्रोल पंप के समीप टायर की दुकान की बगल में लाश पड़ी है जिसका सिर और चेहरा पत्थर से कुचल दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्ती के प्रयास किए तो वह श्रवण की निकली। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया। फिलहाल हत्या का कारण सामने नहीं आया है लेकिन पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मामले में नरवर थाना प्रभारी बल्लू सिंह मंडलोई ने बताया कि मृतक खेती करता था और उज्जैन से घर आ रहा था। फिलहाल हत्या का कारण अज्ञात है। मृतक के बेटे ने भी किसी पर संदेह नहीं जताया है और ना ही पुराने विवाद की बात कही है। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है।

### 100 से अधिक पौधों का किया रोपण

**उज्जैन।** लक्ष्मी नगर स्थित नटखट प्री स्कूल ने हाल ही में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने मिलकर वृहद स्तर पर पौधे लगाए। यह आयोजन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की पहल एक पेड़ मां के नाम को सार्थक करते हुए किया गया। इस मुहिम के अंतर्गत 100 से अधिक फलों के पौधे रोपे गए, जिससे बच्चों को न केवल पर्यावरण की रक्षा के महत्व का ज्ञान हुआ, बल्कि उन्हें पौधों को लगाने, बड़ा करने और उनकी देखभाल करने की शिक्षा भी मिली। अभिभावकों ने स्कूल के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता लाने में मदद करते हैं। इस अवसर पर स्कूल के संचालक प्रतीक सिंह तोमर, प्रिंसिपल श्रीमती प्रकाश सिंह, समस्त स्टाफ, अभिभावक, विद्यार्थी और सलाहकार डॉ. विभा सिंह तोमर उपस्थित थे। इस पहल ने नन्हे हाथों में न केवल पौधों को लगाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी सौंपी।

## नानाखेड़ा कॉसमांस माल के समीप मध्य रात्रि 2 बजे सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

**उज्जैन।** मंगलवार को नानाखेड़ा स्थित कॉसमॉस मॉल के सामने लगने वाले हाट बाजार में नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा हाट बाजार समाप्त होने के बाद मध्य रात्रि 2 बजे सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। जब बुधवार को क्षेत्र के रहवासी प्रात: काल मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो देखा की हाट बाजार का स्थान पूर्णत: साफ एवं स्वच्छ दिखा। जिसे देखकर रवासियों द्वारा नगर निगम द्वारा किए गए सफाई कार्य एवं सफाई मित्रों की सराहना करते हुए प्रशंसा की गई। उज्जैन शहर जब से सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान पर आया है। तब से नगर निगम उज्जैन रोल मॉडल के रूप में सामने आया है। इसलिए नगर निगम उज्जैन की जवाबदारी एवं जिम्मेदारी बनती है कि शहर की स्वच्छता बनी रहे और जो सम्मान हमें मिला है। यह निरंतर इसी प्रकार प्रथम पायदान पर बना रहे इसीलिए नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश के क्रम में मध्य रात्रि 2 बजे संपूर्ण हाट बाजार क्षेत्र की सफाई करते हुए स्थल को पुन: साफ एवं स्वच्छ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। उक्त कार्य स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़, स्वच्छता निरीक्षक अजय दावरे ने संपादित किया।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 करोड़ संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य : अपर आयुक्त सिंह

**उज्जैन। बुधवार को अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता की उपस्थिति में संपत्ति कर विभाग के अंतर्गत नामांतरण के लंबित प्रकरणों एवं संपत्ति कर लक्ष्य निर्धारण की समीक्षा की गई। जिसमें आपके द्वारा निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 करोड़ रुपए संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य निर्धारण किया गया है।**




आपने सहायक संपत्तिकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य की पूर्ति हेतु अभी से तैयारी आरंभ करें तथा बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करते हुए ज्यादा से ज्यादा रसीदें जारी कि जाए ताकि जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे पूर्ण किया जा सके।

समीक्षा के अंतर्गत निर्देशित किया गया कि नामांतरण के जो लंबित प्रकरण हैं उनका समय सीमा में निस्तारीकरण किया जाए। यदि किसी प्रकरण को रिजेक्ट किया जाता है तो उसे पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसका रिकॉर्ड रखें। बकाया संपत्ति कर वसूलने हेतु ऐसे बड़े बकायदार जिनकी राशि अधिक है पहले इन्हें चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर बकाया संपत्ति कर वसूले साथ ही जिन बड़े बकायदारों द्वारा बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी संपत्ति कर जमा नहीं किया जा रहा है उनकी कुर्की की कार्रवाई करें। साथ ही शासकीय कार्यालय से भी बकाया संपत्ति कर जमा करने हेतु पत्र जारी किया जाए ताकि इनसे भी कर की राशि नगर निगम को प्राप्त हो सकेगी

समीक्षा बैठक में संपत्ति कर अधिकारी की सुनील जैन, सहायक संपत्तिकर अधिकारी आदेश परिहार, रोहित शिंदे, भरत मालवीय, कैलाश यादव, जफर आलम अंसारी, संतोष शर्मा उपस्थित रहे

**पुजारियों में आक्रोश** अधिकारी गलत आरोप लगा रहे, महाकाल के पुजारी, बोले -माफी मांगे नहीं तो काली पट्टी बांधेंगे, सीएम से मिलेंगे

# बाबा की पालकी लेट होने का कारण अनावश्यक भीड़ व सेल्फी हैं इसलिए लेट

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** श्रावण मास के पहले सोमवार को निकली महाकाल की सवारी 30 मिनट लेट मंदिर पहुंची थी। इसे लेकर अधिकारियों ने बयान दिया है कि कहारों व पंडे-पुजारियों के कारण इसमें देरी हुई। इसे लेकर पुजारियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पालकी के साथ अनावश्यक भीड़ चलती है। लोग सेल्फी लेते हैं। इससे व्यवस्था बिगड़ती है कई बार सवारी लेट हो जाती है। श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारियान समिति के महामंत्री महेश पुजारी ने इस मामले में कहा कि अधिकारियों को इस तरह से पुजारियों को बदनाम नहीं करना चाहिए। उन्हें माफी मांगना चाहिए। नहीं तो अगली सवारी में सभी पंडे-पुजारी काली पट्टी बांधकर विरोध करने से नहीं चुकेंगे। मामले से मुख्यमंत्री और उज्जैन कलेक्टर को भी पत्र लिखकर अवगत कराया जा रहा है। पालकी लेट होने का पुजारियों से कोई लेना-देना ही नहीं है। पुजारी तो पालकी के साथ पैदल चलते हैं। जैसे-जैसे पालकी आगे बड़ती है पुजारी भी चलते जाते हैं। प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति के लोग भीड़ नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। इसे लेकर दिक्कत आ रही है और इसका दोष पुजारियों व कहारों पर मढ़ा जा रहा है।

### फर्जी लोग आगे से सवारी लेट करते हैं, लोग पूजन तक नहीं कर पा रहे

सवारी में आगे चलने वाले नेता, अधिकारी, पुलिसकर्मी और अनेक बहरूपिए अपनी झांकी जमाने के लिए धीरे-धीरे चलते हैं। मोबाइल से सेल्फी लेते हैं। ग्रुप में फोटो खिंचवाते हैं। कई जगह अपना स्वागत तक कराने रुक जाते हैं। इसके चलते ही सवारी की रुक-रुक कर चलती है। पालकी तो सबसे पीछे रहती है। जब सवारी आगे से नहीं बढ़ेगी तो पीछे पालकी तो लेट होगी ही। आगे चल रही भजन मंडलियां, डीजे की गाड़ियां भी धीमे चलकर सवारी को रोकती है। पालकी के साथ रस्से के घेरे के आगे और आसपास फर्जी लोगों की इतनी अनावश्यक भीड़ चलती है कि सवारी मार्ग में परंपरागत स्थानों से लोग बाबा महाकाल का पूजन अर्चन तक नहीं कर पाते हैं।

### श्रावण महोत्सव में वैदिकों का सम्मान




उज्जैन। पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन विश्व के एक मात्र अष्ट चरिंजीवी मंदिर बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर ब्रह्मलीन ज्यो पंचांगकर्ता पं. श्यामनारायण व्यास की पावन पुनीत स्मृति में आयोजित श्री श्याम श्रावण महोत्सव में शुक्ल यजुर्वेद संहिता के मंत्रों का घन पाठ हुआ। आयोजक पं चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि 10 जुलाई से 12 अगस्त तक मनाये जा रहे श्रावण महोत्सव में उज्जैन के पारंपरिक वैदिक विद्वानों द्वारा शुक्ल यजुर्वेद संहिता के वेद मंत्रों का सस्वर वाचन किया गया। वैदिक पं जय नारायण व्यास, वैदिक डॉ. पतंजलि कुमार पांडे, वैदिक अधीश द्विवेदी द्वारा रुद्र सूक्त का सस्वर घन पाठ किया गया। इस अवसर पर पं. राम शुक्ल, पं. हेमंत जोशी, अक्षत जोशी, अभिषेक देवड़ा, प्रख्यात त्रिवेदी, प्रसन्न सोले गांवकर, वरुण गायकवाड़, पं. जयंत द्विवेदी, प्रमोद जोशी आदि गणमान्यजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम के पश्चात सभी वैदिकों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।